पुस्तकीय समायोजन महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय में भी किये जाते हैं। इनमें अन्य के साथ–साथ, संचित निधि को नामे करके लोक लेखे में निधियों का सृजन और अंशदान (उदाहणार्थ राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि, केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि, ऋण शोधन निधि आदि), संचित निधि को नामे करके लोक लेखे में लेखे के आरक्षित निधि/जमा शीर्ष को जमा करना, सामान्य भविष्य निधि तथा राज्य सरकार समूह बीमा योजना पर ब्याज के वार्षिक समायोजन हेतु मुख्य शीर्ष 2049–ब्याज भुगतान को नामे तथा लोक लेखे में सुसंगत मुख्य शीर्ष को जमा करना, केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित भारत सरकार की योजनाओं के अंतर्गत कर्ज अधित्याग समायोजन, आकस्मिकता निधि की प्रतिपूर्ति आदि सम्मिलित है।

पूंजीगत एवं राजस्व व्यय में वर्गीकरणः स्थायी प्रकृति की मूर्त परिसंपत्ति (सरकारी स्थापना में उपयोग के लिए एवं व्यवसाय के सामान्य प्रक्रिया में बिक्री हेतु नहीं) को अर्जित करने के उद्देश्य या मौजूदा परिसंपत्ति की उपयोगिता बढ़ाने में किए गए महत्वपूर्ण व्यय को मुख्यतः पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है। अनुरक्षण, मरम्मत, समारक्षण एवं कार्यचालन व्यय पर उत्तरवर्ती खर्चे जो परिसंपत्तियों को चालू क्रम में बनाये रखने के लिए आवश्यक हैं और साथ ही संगठन के दिन प्रतिदिन संचालन के लिए किये गए अन्य सभी व्यय, जिसमें स्थापना और प्रशासनिक व्यय शामिल है, को राजस्व व्यय के रूप से वर्गीकृत किया जाता है। लेखे में पूंजीगत एवं राजस्व व्यय को पृथक रूप से दर्शाया जाता है।

भौतिक एवं वित्तीय परिसंपत्तियां एवं दायित्वः भौतिक परिसंपत्तियां एवं वित्तीय परिसंपत्तियां (जैसे निवेश, सरकार द्वारा दिये गए ऋण एवं अग्रिम आदि) के साथ–साथ देनदारियां जैसे ऋण आदि का ऐतिहासिक लागत पर मापन किया जाता है। भौतिक परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास नहीं किया जाता है तथा वित्तीय परिसंपत्तियों का परिशोधन नहीं किया जाता है। भौतिक परिसंपत्तियों पर उनके जीवन काल के अंत में हुई हानि को भी खर्च या मान्य नहीं किया जाता है।

सहायता अनुदानः भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.ए.एस.) 2–सहायता अनुदान का वर्गीकरण एवं लेखांकन, के अनुपालन में नकदी में सहायता अनुदान को, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट रूप से प्राधिकृत मामलों के सिवाय, संवितरण के समय राजस्व व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, भले ही अनुदेयी द्वारा इसका उपयोग परिसम्पत्तियों के सृजन में सम्मिलित किया जाता है। सभी प्राप्त अनुदान, राजस्व प्राप्तियों के रूप में मान्य होते हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदान किये गये सहायता अनुदान के लेखांकन एवं वर्गीकरण की आवश्यकताओं को पूरा करने का विवरण वित्त लेखे के विवरण संख्या 10 तथा परिशिष्ट III में दर्शाया जाता है। वस्तु के रूप में दिये गए सहायता अनुदान के संबंध में विस्तृत जानकारी का खुलासा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

ऋण एवं अग्रिमः भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.ए.एस.) 3 के अनुपालन में राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों का ब्यौरा वित्त लेखे के विवरण संख्या 7 एवं 18 में प्रदर्शित किया जाता है। 31 मार्च 2024 तक विवरणों में प्रदर्शित अंत शेष की स्वीकृति राज्य सरकार से प्रतीक्षित है।

पूर्व अवधि समायोजनः आई.जी.ए.एस.4 के अनुपालन में पूर्व अवधि समायोजन, राज्य सरकार मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार समायोजन करती है तथा पूर्व अवधि की त्रुटियों से संबंधित जानकारी प्रदान करती है एवं सरकारी निर्णयों में बदलाव से उत्पन्न प्रविष्टियां, जिनमें पूर्व अवधि समायोजन की आवश्यकता है, को शामिल करती है जो वर्तमान शेष तथा प्रगामी राशि, जिसके कारण पूर्व वर्षों में लेखों को बंद किया गया है, को प्रभावित कर सकती है।

सेवानिवृत्ति लाभः प्रतिवेदित अवधि के दौरान संवितरित सेवानिवृत्ति लाभ लेखे में उपयोगानुसार भुगतान के आधार पर परिलक्षित किये गये हैं, किन्तु पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत कर्मचारियों के संबंध में राज्य सरकार की भविष्य की पेंशन देनदारियां अर्थात सरकारी कर्मचारी की अतीत और वर्तमान सेवा हेतु सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान की देनदारियां लेखे में समाविष्ट नहीं है।

(vi) पूर्णांकनः

विवरण ऐसे आंकड़े प्रस्तुत करते हैं, जिन्हें लाख ₹ एवं करोड़ ₹ में पूर्णांकित किया जाता है, जैसा कि संबंधित विवरण पत्रकों के शीर्ष पर दर्शाया जाता है। विभिन्न विवरण पत्रकों में पूर्ण आंकड़ों के साथ–साथ पूर्णांकित आंकड़ों के संबंध में जहां भी अंतर होता है, वह आंकड़ों को पूर्णांकित करने के कारण होता है।

(vii) रोकड़ शेषः

लेखे में प्रतिवेदित रोकड़ शेष भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग द्वारा राज्य सरकार के लेखे में दर्ज एक वर्ष के 31 मार्च के अंत तक राज्य की शेष राशि है। रोकड़ शेष वर्ष के लिए राज्य की संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे में अंतर्निहित रोकड़ लेन–देन के बाद शेष राशि दर्शाता है। गैर–नकद लेनदेन होने के कारण पुस्तकीय समायोजन रोकड़ शेष को प्रभावित नहीं करते हैं। वित्त लेखे में प्रतिवेदित नकद शेष भारतीय रिजर्व बैंक की पुस्तकों से पुनर्मिलान के अधीन है।

(viii) आकस्मिक और प्रतिबद्ध देनदारियों का प्रकटीकरणः

भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.ए.एस.) 1 : 'सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियां', राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्यौरे के अनुसार प्रत्याभूतियों के क्षेत्रवार एवं वर्गवार ब्यौरे वित्त लेखे के विवरण 9 एवं 20 में प्रकट किए गए हैं।

सरकार प्रतिबद्धता लेखांकन का पालन नहीं करती एवं लेखे में प्रतिबद्धताओं को न तो दर्ज किया जाता है और न ही मान्य प्रतिबद्धता के विरुद्ध दायित्व दर्ज की जाती हैं। हालांकि, इसे वित्त लेखे के परिशिष्ट–XII के अन्तर्गत भावी प्रतिबद्धताओं को प्रकट करना होता है, परन्तु सरकार ने इसे परिशिष्ट– XII में प्रकट नहीं किया गया है।

(ix) पास थ्रू लेन–देनः

पास थ्रू लेनदेन उस प्रकृति की राज्य द्वारा संग्रहित प्राप्तियाँ होती है, जिन्हें अन्य इकाई में अंतरण करने की आवश्कता होती है, को वित्त लेखे के अंतर्गत टिप्पणियों में दर्शाया जाता है। इसमें रॉयल्टी का दो *प्रतिशत* राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को हस्तांतरित करना, राज्यों को केन्द्र प्रायोजित योजनाओं, केन्द्र क्षेत्र की योजनाओं पर प्राप्त केन्द्रांश का एकल नोडल एजेंसी को हस्तांतरण करना, एन.पी.एस. अंशदान को नामित निधि प्रबंधक को हस्तांतरित करना इत्यादि शामिल है।

2. लेखांकन ढांचों का अनुपालनः

(i) मासिक लेखे के संवरण के पश्चात कोषालयों द्वारा लेखाओं को फ्रीज न करनाः मौजूदा प्रक्रियानुसार, राज्य द्वारा खाते बंद करने के पश्चात महालेखाकार को सौंप दिये जाने के पश्चात इसमें कोई भी बदलाव करने हेतु नहीं खोला जाना चाहिये, क्योंकि इससे मासिक लेखे में गलत प्रतिनिधित्व होगा। मासिक लेखे के संवरण के पश्चात कोषालयों द्वारा लेखाओं को फ्रीज नहीं किये जाने

से कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय में मासिक लेखे की प्रस्तुतिकरण के पश्चात आंकड़ों में संशोधन करने की संभावना उत्पन्न हो सकती है तथा मध्यप्रदेश सरकार एवं कार्यालय महालेखाकार के बीच आंकड़े भिन्न हो सकते हैं। मासिक लेखे के समापन एवं इसे कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को प्रेषण के पश्चात एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आई.एफ. एम.आई.एस.) में इसे फ्रीज किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं, यद्यपि इसका कार्यान्वयन किया जाना अभी बाकी है।

(ii) अनाधिकृत शीर्षों का प्रचालनः

वर्ष 2023–24 के दौरान, मध्य प्रदेश सरकार ने पूंजी अनुभाग के अंतर्गत एक अनाधिकृत उप मुख्य शीर्ष तथा एक लघु शीर्ष के अंतर्गत बजट प्रावधान किया एवं राशि ₹ 49.44 करोड़ 'पुलिस स्टेशनों के सुदृढ़ीकरण', 'बालाघाट जिला को सहायता', 'विशेष आधारभूत संरचना योजना' एवं 'जेलों के आधुनिकीकरण' पर व्यय किया गया। मामले के सुधार हेतु इसे राज्य सरकार के संज्ञान में लाया गया है।

(iii) बिना सलाह के लेखे के नये उप शीर्ष/विस्तृत शीर्ष खोलनाः

भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अनुसार राज्य के लेखे को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा दी गई सलाह के अनुसार रखा जाना है। वर्ष 2023–24 के दौरान मध्य प्रदेश सरकार ने प्रधान महालेखाकार कार्यालय की सलाह अथवा सूचना के बिना, बजट में 48 नए उप शीर्ष (राजस्व अनुभाग के अंतर्गत 20, पूंजी अनुभाग के अंतर्गत 28) खोले। राज्य सरकार ने वर्ष 2023–24 के दौरान इन शीर्षों में राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹ 14,910.62 करोड तथा पूंजी अनुभाग के अंतर्गत ₹ 2,707.30 करोड़ का प्रावधान कर व्यय किया।

(iv) बजट प्रावधान के वर्णन में विसंगति एवं त्रुटिपूर्ण वर्गीकरणः

वर्ष 2023–24 के लिये राज्य सरकार के बजट दस्तावेज में लेखे के निम्नलिखित शीर्षों के संबंध में सही बजट प्रावधान तथा व्यय के वर्गीकरण का वर्णन नहीं हुआ हैः

(क) मध्यप्रदेश सरकार ने पूंजीगत शीर्ष के अंतर्गत राजस्व व्यय एवं राजस्व शीर्ष के अंतर्गत पूंजीगत व्यय का बजट प्रावधान किया है। राजस्व तथा पूंजी के बीच त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण कण्डिका 3(ii) राजस्व तथा पूंजी व्यय के मध्य त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण में वर्णित किया गया है।

(ख) संघ तथा राज्यों के मुख्य तथा लघु लेखाशीर्षों की सूची के सामान्य निर्देशों के कण्डिका 3.4 के अनुसार आरक्षित निधि/जमा लेखे से वित्त पोषित राशि राजस्व, पूंजी या ऋण अनुभाग में कार्यात्मक मुख्य/उप मुख्य शीर्ष जहां वास्तविक व्यय नामे रहता है के अंतर्गत कटौती प्रविष्टि के रूप में लघु शीर्ष 'कटौती – (जमा लेखे/आरक्षित लेखे का नाम) ..... से पूरी की गई राशि' के अंतर्गत पृथक कोड '901, 902' इत्यादि में दर्शायी जायेगी।

मध्य प्रदेश सरकार ने अपने बजट में पृथक कोड (901) के प्रचालन के स्थान पर आरक्षित निधि /जमा लेखे से वित्त पोषित राशि के लिए कटौती प्रविष्टि दर्शाने के उद्देश्य से लघु शीर्ष/योजना जहां वास्तविक व्यय नामे रहता है के अंतर्गत बजट में विस्तृत शीर्ष 74–वसूलियों का प्रचालन किया है। फलस्वरूप वित्त एवं विनियोग लेखे के उन शीर्षों के अंतर्गत निवल व्यय वर्णित होता है।

यद्यपि, कटौती राशि लेखे में लघु शीर्ष के अन्तर्गत दर्शायी जानी चाहिये, मध्य प्रदेश शासन संचित निधि/जमा खातों से वित्त पोषित राशि के लिये कटौती प्रविष्टी हेतु विस्तृत शीर्ष (शीर्षों) का संचालन कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप विनियोग लेखों में उस सीमा तक आंकड़े निवल हो जाते हैं। यह संघ और राज्यों के मुख्य और लघु लेखा शीर्षों की सूची/प्रारूपों के सिद्धांतों का अनुपालन नहीं है।

3. संचित निधिः

(i) वस्तु एवं सेवा करः

वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) 01 जुलाई 2017 से लागू किया गया था। वर्ष 2022–23 में ₹ 23,396.79 करोड़ की तुलना में वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य जी.एस.टी. संग्रहण ₹ 37,791.04 करोड़ था, इस प्रकार ₹ 14,394.25 करोड़ (61.52 *प्रतिशत*) की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, राज्य को केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत राज्य को सौंपे गए निवल आगम के हिस्से के रूप में ₹ 26,908.80 करोड़ प्राप्त हुए। जी.एस.टी. के अंतर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 64,699.84 करोड़ थी। राज्य को वर्ष 2023–24 के दौरान जी.एस.टी. के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व की हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 2,613.48 करोड़ की क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई।

राज्य को वर्ष 2023–24 के दौरान बैक–टू–बैक ऋण के रूप में (31 मार्च 2024 की स्थिति में कुल बैक–टू–बैक लोन ₹ 11,553.17 करोड़) केन्द्र सरकार से जी.एस.टी. क्षतिपूर्ति के बदले कोई मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ, जिसे राज्य की उधार सीमा के संबंध में वित्त आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अन्तर्गत नहीं गिना जाएगा।

वर्ष 2023–24 के दौरान गत वर्ष (2017–18 से 2022–23) से संबंधित राज्य जी.एस.टी. (एस.जी.एस.टी.) के ₹ 4,711.58 के लिये समायोजन प्रविष्टियां राज्य सरकार द्वारा आर.बी.आई. के आंकड़ों और वित्त खातों में दर्ज आंकड़ों के बीच अंतर के कारण की गई। अतः वर्ष 2023–24 में एस.जी.एस.टी. में ₹ 4,711.58 करोड़ की वृद्धि समायोजन के कारण है।

संगत आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 14 में उपलब्ध है।

(ii) राजस्व एवं पूंजी व्यय के मध्य त्रुटिपूर्ण वर्गीकरणः

वर्ष 2023–24 के दौरान मध्यप्रदेश सरकार ने राजस्व अनुभाग के बजाय पूंजी अनुभाग के अंतर्गत ₹ 1,575.09 करोड़ तथा पूंजी अनुभाग के बजाय राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹ 3.68 करोड़ का त्रुटिपूर्ण बजट प्रावधान कर व्यय दर्ज किया, जैसा कि व्यय के उद्देश्य से निर्धारित किया गया था। राज्य सरकार का राजस्व व्यय ₹ 1,575.09 करोड़ कम तथा पूंजीगत व्यय ₹ 3.86 करोड़ कम बताया गया है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 4, 5, 15 एवं 16 के आंकड़ों में है।

(iii) सी.सी.ओ.एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के बीच प्राप्तियों तथा व्यय का पुनर्मिलानः

सभी नियंत्रक अधिकारियों को प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश, द्वारा लेखाबद्ध किये गए आंकड़ों के साथ सरकार की प्राप्तियों और व्यय का पुनर्मिलान करना आवश्यक है। समस्त कोषालयों को संबोधित आयुक्त (कोषागार एवं लेखा) के पत्र क्र.861/2022/डी.टी.ए./भोपाल दिनांक 08.06.2022 द्वारा मध्य प्रदेश में, बजट नियंत्रक अधिकारियों के बजाय निदेशालय कोष एवं लेखा, लेखा एवं हकदारी कार्यालय से आंकड़ों का पुनर्मिलान कर रहा है।

वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 2,29,645.69 करोड़ की राजस्व प्राप्तियां (कुल राजस्व प्राप्ति ₹ 2,34,026.04 करोड़ का 98.12 *प्रतिशत*), ₹ 2,09,052.86 करोड़ का राजस्व व्यय (कुल राजस्व व्यय ₹ 2,21,538.26 करोड़ का 94.36 *प्रतिशत*) तथा ₹ 54,704.30 करोड़ का पूंजीगत व्यय (कुल पूंजीगत व्यय ₹ 56,538.59 करोड़ का 96.76 *प्रतिशत*) का राज्य सरकार द्वारा पुनर्मिलान किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्रदाय ₹ 702.73 करोड़ ऋण एवं अग्रिम (कुल ऋण एवं अग्रिम ₹ 809.51 करोड़ का 86.81 *प्रतिशत*) का पुनर्मिलान किया गया।

इसकी तुलना में वर्ष 2022–23 के दौरान ₹ 1,76,798.27 करोड़ की राजस्व प्राप्ति (कुल राजस्व प्राप्ति का 86.67 *प्रतिशत*), ₹ 1,99,201.80 करोड़ का राजस्व व्यय (कुल राजस्व व्यय का 99.65 *प्रतिशत*), ₹ 32,848.44 करोड़ का पूंजीगत व्यय (कुल पूंजीगत व्यय का 73.91 *प्रतिशत*) तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदाय ऋण एवं अग्रिम ₹ 2,351.71 करोड़ (कुल ऋण एवं अग्रिम का 99.64 *प्रतिशत*) का पुनर्मिलान किया गया था।

(iv) लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय एवं अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत दर्ज राशियाँः

जब लेखे में उपयुक्त लघु शीर्ष की व्यवस्था न हो केवल तभी लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय/800–अन्य प्राप्तियां का संचालन किया जाना चाहिए। लघु शीर्ष 800 के नियमित संचालन को निरुत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि, यह लेखा को अपारदर्शी बनाता है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, लेखे में ₹ 38,786.36 करोड़ लेखे के 62 मुख्य शीर्ष के अंतर्गत लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये जो कुल राजस्व तथा पूंजीगत व्यय (₹ 2,78,076.85 करोड़) का 13.95 *प्रतिशत* है। गत वर्ष के दौरान, लेखे में ₹ 36,879.90 करोड़ लेखे के 67 मुख्य शीर्ष के अंतर्गत लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये जो कुल राजस्व तथा पूंजीगत व्यय (₹ 2,44,333.63 करोड़) का 15.09 *प्रतिशत* था।

इसी प्रकार, लेखे में ₹ 11,014.25 करोड़ लेखे के 51 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत 800–अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये, जो कुल राजस्व प्राप्तियां (₹ 2,34,026.04 करोड़) का 4.71 *प्रतिशत* है। गत वर्ष के दौरान, लेखे में ₹ 9,366.41 करोड़ लेखे के 50 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत 800–अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये, जो कुल राजस्व प्राप्तियां (₹ 2,03,986.19 करोड़) का 4.59 *प्रतिशत* था।

वर्ष 2023–24 के दौरान, लेखा के दो मुख्य शीर्षों (मुख्य शीर्ष 4217 एवं 4875) के अंतर्गत ₹ 830.00 करोड़, उपयुक्त लघु शीर्ष के बजाय लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया, जो कुल निवेश (₹ 3,709.26 करोड़) का 22.38 *प्रतिशत* है। गत वर्ष के दौरान, लेखा के दो मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 128.00 करोड़ लेखा में उचित लघु शीर्ष के बजाय लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया, जो कुल निवेश (₹ 2,371.94 करोड़) का 5.40 *प्रतिशत* था।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 14, 15 एवं 16 से है।

(v) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.) लेखे में निधि का अंतरणः

पी.डी. लेखे मनोनीत आहरण अधिकारी को योजना के संबंध में विशिष्ट उद्देश्य हेतु व्यय करने के लिए सक्षम करते हैं।

वर्ष 2022–23 के दौरान, ₹ 2,098.40 करोड़ की राशि पी.डी. लेखे में राज्य की समेकित निधि एवं चालान से अंतरित/जमा की गयी। राज्य की समेकित निधि एवं चालानों से ₹ 810.81 करोड़ की धनराशि मार्च 2024 में अन्तरित की गई, जिसमें से ₹ 296.49 करोड़ राज्य की समेकित निधि से मार्च 2024 के अन्तिम कार्यदिवस पर अन्तरित की गई थी।

मध्यप्रदेश कोषागार संहिता के नियम 319(1) के अनुसार 'व्यक्तिगत जमा खातों में जमा शेष राशि तीन से अधिक पूर्ण खाता वर्षों के लिये बकाया रहने पर एस.आर.334 के अन्तर्गत सरकार को व्यपगत नहीं होती। हालांकि ऐसे मामलों में, जहां व्यक्तिगत जमा खाते समेकित निधि में डेबिट द्वारा बनाए गए हैं, उन्हें समेकित निधि में संबंधित सेवा शीर्षों में शेष राशि के माइनस डेबिट द्वारा वित्तीय वर्ष के अंत में डेबिट किया जाना चाहिये। साथ ही म.प्र.कोषागार संहिता के नियम 319(2) में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्तिगत जमा खाता लगातार तीन वर्षों तक अप्रचलित रहता है तो कोषालय अधिकारी लिखित रूप में खाते के प्रशासक को संबोधित करेगा, जिसमें एक माह के भीतर 'शेष राशि को राजस्व

में क्यों न जमा किया जाए' इस संबंध में कारण पूछा जाएगा। कारण नहीं बताए जाने पर कोषालय अधिकारी खाता बंद कर देगा तथा शेष राशि को राजस्व प्राप्ति शीर्ष 0075 में हस्तांतरित कर देगा। प्रचलित लेखांकन रीति के अनुसार पी.डी.लेखे से राशि वापस उसी शीर्ष से जहाँ से मूल रूप से अंतरित की गई थी, में अंतरित की जाती है।

मध्य प्रदेश कोषागार संहिता के नियम 359 तथा 376 के अनुसार 179 व्यक्तिगत जमा खातों के प्रशासकों (730 में से) ने अपने शेषों को कोषागार के आंकड़ों (कोषागार में) से मिलान तथा सत्यापन किया तथा उनके द्वारा कोषालय अधिकारियों को ऐसे 179 वार्षिक सत्यापन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये गये। कार्यालय प्रधान महालेखाकार को ऐसे 179 प्रमाण–पत्र कोषाधिकारी द्वारा प्राप्त हुए। पांच सौ इक्यावन व्यक्तिगत जमा खातों के प्रशासकों ने अपने शेष का कोषागार के आंकड़ों से मिलान एवं सत्यापन नहीं किया। दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में व्यक्तिगत जमा खातों का विवरण नीचे दर्शाया गया है :

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2023 को प्रारंभिक शेष		वर्ष 2023–24 के दौरान वृद्धि		वर्ष 2023–24 के दौरान बंद/आहरण		31 मार्च 2024 को अंत शेष	
प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि
821	2,353.57	34(क)	2,098.40	125(ख)	5,369.20	730	(–) 917.24(ग)(घ)

31 मार्च 2024 की स्थिति में, ₹ 325.86 करोड़ शेष के साथ कुल 214 पी.डी. खाते गत तीन वर्षों तक अप्रचलित रहे।

संगत आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 21 में उपलब्ध है।

(vi) असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक (ए.सी.) बिलः

राज्य सरकार ने दिनांक 02 सितम्बर 1999 को जारी आदेश द्वारा सभी विभागों हेतु ए.सी.बिल आहरण पर प्रतिबंध लगाया। हालांकि राष्ट्रीय कैडेट कोर के संबंध में खेल और युवा कल्याण विभाग को ए.सी. बिल आहरण के लिए अनुमति (दिनांक 10 फरवरी 2009 को जारी आदेश द्वारा) दी गई। लेकिन राज्य सरकार ने दिनांक 24 मई 2013 के अपने आदेश के जरिए खेल और युवा कल्याण विभाग को राष्ट्रीय कैडेट कोर के संबंध में भी ए.सी.बिल आगे आहरण न करने के निर्देश दिये। मध्यप्रदेश सरकार ने ए.सी. बिल के बदले कोई अन्य तरीका नहीं अपनाया है।

(vii) सहायता अनुदान हेतु बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.):

मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता के नियम 182 के अनुसार, अनुदानग्राही को प्राप्त सहायता अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर तक या इससे पहले विभागीय अधिकारियों द्वारा महालेखाकार को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उपयोगिता प्रमाण–पत्र न जमा करने की स्थिति में वित्त लेखे में दर्शायी गई राशि लाभार्थियों तक नहीं पहुंचने का जोखिम बना रहता है।

(क) 13 नये पी.डी. खाते खोले गये तथा 21 खाते लेन देन के कारण पुनः खोले गये। ₹ 2,098.40 करोड़ में से केवल ₹ 16.90 करोड़ के 13 नये पी.डी. खाते वर्ष के दौरान खोले जाने से संबंधित है।

(ख) वर्ष के दौरान ₹ 34.74 करोड़ की राशि के 125 व्यक्तिगत खाते बंद कर दिये गये और राशि वास्तविक मुख्य शीर्ष को नामे (डेबिट) कटौती के बजाय मध्य प्रदेश कोषालय संहिता के नियम 319(2) के अनुसार मु.शी. 0075 में जमा किया गया।

(ग) लोक निर्माण संभाग, जल संसाधन आदि के संकलित लेखे में कार्यों से पी.डी. खाते में अंतरण लेन–देन को प्रतिबिंबित न करने के कारण प्रतिकूल शेष दिखाई दे रहा है। ये लेखे संभागों के भौतिक लेखे के आधार पर संकलित किये गये हैं। कोष एवं लेखा संचालनालय द्वारा किये गए कार्यों से पी.डी. अंतरण के लिये डी.डी.ओ.वार आंकड़ों के आधार पर ₹ 834.81 करोड़ का अंतर पाया गया है। ₹ 834.81 करोड़ में से ₹ 789.48 करोड़ की राशि अलग–अलग संभागों में अंकित की गई है, इसके लिये आवश्यक समायोजन प्रविष्टियां वित्तीय वर्ष 2024–25 में की जायेंगी।

(घ) अंत शेष में अंतर की राशि ₹ 0.01 करोड़ पूर्णांकित के लिये शेष है।

31 मार्च 2023 तक ₹ 18,871.57 करोड़ की राशि के 19,937 जी.आई.ए. बिल उपयोगिता प्रमाण–पत्र के लिये बकाया थे। वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 1,813.79 करोड़ की राशि के 28 जी.आई.ए. बिल उपयोगिता प्रमाण–पत्र हेतु देय हुए। 31 मार्च 2024 तक ₹ 20,685.36 करोड़ के 19,965 उपयोगिता प्रमाण–पत्र बकाया हैं। इनमें से, ₹ 394.68 करोड़ के 101 बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त हो चुके हैं। वर्ष 2023–24 के दौरान, ₹ 1,825.44 करोड़ की राशि के 39 सशर्त अनुदान जारी किये गए जो वर्ष 2024–25 में देय हो जाएंगे। इनमें से, ₹ 66.56 करोड़ की राशि के 06 उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त हुए।

31 मार्च 2024 तक बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्रों की स्थिति नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

देय वर्ष	**बकाया यू.सी. की संख्या**	**राशि**
2022–23 तक	19842	18,484.90
2023–24	22	1,805.60
योग	**19864**	**20,290.50**
वर्ष	**नियत तिथि से पूर्व जमा यू.सी.**	**राशि**
2024–25	6	66.56

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 10 एवं परिशिष्ट III से है।

(viii) ब्याज समायोजन:

सरकार, श्रेणी ञ–आरक्षित निधि (क–ब्याज वाली आरक्षित निधियां) एवं ट–जमा तथा अग्रिम (क–ब्याज वाली जमा) के तहत शेष से संबंधित ब्याज के भुगतान/समायोजन करने के लिए उत्तरदायी है, और इस प्रयोजन के लिए लेखा के मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची में विशिष्ट उप–मुख्य शीर्ष प्रदान किए गए हैं।

वर्ष 2023–24 के दौरान सरकार द्वारा भुगतान की गई इन निधियों/जमाओं एवं ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

निधि/जमा	**01 अप्रैल 2023 को शेष**	**ब्याज के परिकलन हेतु आधार**	**देय ब्याज**	**भुगतान किया गया ब्याज**	**ब्याज का कम भुगतान**
सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना	20.29	सरकार द्वारा अधिसूचित ब्याज की दर के अनुसार परिकलित ब्याज/सामान्य भविष्य निधि पर देय ब्याज की दर 7.1%	1.44	निरंक	1.44
राज्य क्षतिपूरक वनरोपण जमा	22.26	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार परिकलित ब्याज दर 3.35%	2.39	निरंक	2.39
राज्य आपदा मोचन निधि	1,825.51	अधिकर्षण दर में लागू दर पर परिकलित ब्याज (रेपो दर + 2%, जो है 8.50%)	234.38	13.27	221.11
		केन्द्रांश तथा राज्यांश के निधि में अंतरण में विलंब के लिये 6.50% की बैंक दर पर ब्याज की गणना (13 दिनों का विलंब)	2.48	निरंक	2.48
राज्य आपदा शमन निधि	398.05	अधिविकर्षण दर में लागू दर पर परिकलित ब्याज (रेपो दर + 2%, जो 8.50% है)	59.04	3.37	55.67
		केन्द्रांश तथा राज्यांश के निधि में अंतरण में विलंब के लिये 6.50% की बैंक दर पर ब्याज की गणना (69 दिनों का विलंब)	3.13	निरंक	3.13
		कुल	**302.86**	**16.64**	**286.22**

₹ 286.22 करोड़ ब्याज का भुगतान न होने से परिणामस्वरूप राजस्व व्यय की उस सीमा तक न्यून्योक्ति हुई।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 15, 21 एवं 22 के आंकड़ों से है।

(ix) सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतिः

मध्यप्रदेश सरकार वित्तीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम 2005 के अनुसार, कुल बकाया सरकारी प्रत्याभूतियां, 31 मार्च 2024 तक पिछले वर्ष की राज्य राजस्व प्राप्तियों के 80 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होगी। 01 अप्रैल 2023 तक बकाया गारंटियों का प्रारंभिक शेष ₹ 39,788.47 करोड़ था। वर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा गारंटीकृत राशि ₹ 44,353.46 करोड़ है। 31 मार्च 2024 तक ₹ 45,551.09 करोड़ की बकाया वर्ष 2022–23 (2,03,986.19 करोड़) की राज्य राजस्व प्राप्तियों का 22.33 *प्रतिशत* है और निर्धारित सीमा के भीतर है। वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 38,590.84 करोड़ की राशि विलोपन (प्रदत्त के अलावा) के रूप में दर्ज की गई है।

मध्यप्रदेश सरकार के वित्त विभाग के दिनांक 06.01.2010 की अधिसूचना के अनुसार, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों के एवज में एकमुश्त प्राप्त प्रत्याभूति शुल्क की वसूली हेतु विभिन्न दरें[1] निर्दिष्ट की गयी हैं।

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार को गारंटी शुल्क के रूप में ₹ 24.08 करोड़ प्राप्त हुए, जो वर्ष के दौरान दी गई गारंटी अर्थात ₹ 44,353.46 का 0.054 *प्रतिशत* है।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण 9, 14 एवं 20 में उपलब्ध हैं।

(x) पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्ययः

राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण पर किए गए व्यय को लेखा के विभिन्न कार्यात्मक शीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष के स्तर तक वित्त लेखे में दर्शाया गया है। वर्ष 2023–24 के दौरान, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मुख्यशीर्ष 2215, 2402 एवं 2406 के अन्तर्गत ₹ 3,708.28 करोड़ के बजट आवंटन के विरुद्ध ₹ 3,193.20 करोड़ का व्यय किया गया। गत वर्ष 2022–23 के दौरान, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 2215, 2402 एवं 2406 के अंतर्गत ₹ 3,329.54 करोड़ के बजट आवंटन के विरुद्ध ₹ 2,927.30 करोड़ व्यय किया गया।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 15 एवं 16 से है।

(xi) अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं/आपदा से संबंधित व्ययः

वर्ष 2023–24 के दौरान, मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्य शीर्ष 2245 के अन्तर्गत अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित राहत उपायों पर ₹ 2,704.92 करोड़ (गत वर्ष ₹ 1,873.82 करोड़) खर्च किये।

सरकार को राज्य आपदा मोचन निधि के लिये ₹ 1,605.50 करोड़ रुपये तथा राज्य आपदा शमन निधि के लिये केन्द्र सरकार से ₹ 391.80 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो सहायता अनुदान/केन्द्रीय सहायता आदि है, जिनका लेखा मुख्य शीर्ष 1601 के अन्तर्गत किया गया है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 2, 4, 5, 14, 15 एवं 16 से है।

---

[1] 1 वर्ष की अवधि के दौरान प्रत्याभूति की दर–1 *प्रतिशत*, 1 वर्ष से अधिक एवं 3 वर्ष तक 2.5 *प्रतिशत*, 3 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक–4 *प्रतिशत*, 5 वर्ष से अधिक तथा 10 वर्ष तक–7.5 *प्रतिशत*, 10 वर्ष से अधिक–10 *प्रतिशत*

(xii) केन्द्रीय ऋणों को बट्टे खाते में डालनाः

तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के पश्चात वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2012 के सभी आदेशों, की श्रृंखला द्वारा केन्द्रीय योजनागत एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए 31 मार्च 2010 तक विभिन्न मंत्रालयों (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए अग्रिमों को छोड़कर) द्वारा राज्य सरकार को दिए गए ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया गया था। वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश की प्रभावी तिथि (31 मार्च 2010) से किए गए मूलधन और ब्याज की अधिक पुनर्भुगतान को समायोजित करने और वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले पुनर्भुगतान के विरुद्ध इसके कार्यान्वयन की अनुमति दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 31 मार्च 2012 की समाप्ति तक ₹ 49.85 करोड़ (मूलधन ₹ 24.35 करोड़ एवं ब्याज ₹ 25.50 करोड़) का अधिक पुनर्भुगतान किया गया था, जिसमें से, वित्त मंत्रालय ने अभी तक ₹ 25.78 करोड़ समायोजित किए हैं एवं ₹ 24.07 करोड़ का समायोजन होना शेष है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 17 से है।

(xiii) राज्य सरकार द्वारा दिये गए ऋणः

31 मार्च 2024 तक राशि ₹ 1,996.97 करोड़ के पुराने ऋण, जिसमें 29 विभागों द्वारा अपनी एजेंसियों को दिये गये ऋण तथा 1999–2000 से पूर्व की अवधि के ऋण शामिल के संबंध में मूलधन की वसूली पिछले कई वर्षों के दौरान प्रभावी नहीं हुई है।

राज्य सरकार द्वारा सांविधिक निकायों/अन्य इकाइयों को ऋण जिसके लिए ऋण के पुर्नभुगतान के निबंधन हेतु शर्तें नहीं बनाई गई है, का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप इस लेखे पर राज्य सरकार की प्राप्तियों का अनुमान नहीं लगाया जा सका।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा वार्षिक रूप से ऋण शेष (जहां प्रधान महालेखाकार द्वारा विस्तृत लेखा संधारित किया जाता है) सत्यापन एवं स्वीकृति हेतु ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को अग्रेषित किये गये हैं, हालांकि किसी ऋणग्राही ने शेषों की पुष्टि नहीं की है। शेषों के पुनर्मिलान हेतु विभाग/कोषालय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट–VII में उपलब्ध कराया गया है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 7 एवं 18 से है।

(xiv) प्रतिबद्ध देनदारियांः

बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के संबंध में, उपचय आधारित लेखांकन की ओर बढ़ने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा पहल की गई है। चुंकि यह पारगमन चरणों में होगा, लेखांकन के उपचय आधारित प्रणाली में बदलाव के लिए, निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विवरण के रूप में अतिरिक्त जानकारी को नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्ध देनदारियों के बारे में जानकारी प्रदाय की जानी है, परन्तु उनके द्वारा परिशिष्ट–XII में उक्त से संबंधित खुलासा नहीं किया गया है।

(xv) केन्द्र प्रायोजित योजनाओं पर व्यय (सी.एस.एस.):

वर्ष के दौरान, 31 मार्च 2024 तक केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत दर्ज कुल व्यय ₹ 39,772.69 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 26,993.39 करोड़ तथा पूंजीगत व्यय ₹ 12,779.30 करोड़) है, जिसमें केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु केन्द्रीय सहायता (₹ 25,659.18 करोड़) तथा राज्यांश (₹ 14,113.51 करोड़) में से व्यय शामिल है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 15 एवं 16 से है।

(xvi) राज्य में क्रियान्वयन संस्थाओं को केन्द्रीय योजना निधियों का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (राज्य बजट से बाहर उपलब्ध कराई गई निधि):

सी.जी.ए. के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य में क्रियान्वयन संस्थाओं (एन.जी.ओ., केन्द्र सरकार संगठन, वैधानिक संगठन, नगरीय/ग्रामीण निकाय इत्यादि) को ₹ 38,719.81 करोड़ प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए।

क्रियान्वयन संस्थाओं को प्रत्यक्ष अंतरण में, वर्ष 2022–23 की तुलना में 57.36 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई (वर्ष 2022–23 में ₹ 16,249.12 करोड़ से वर्ष 2023–24 में ₹ 25,569.72 करोड़)। विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट–VI में उपलब्ध है।

(xvii) राज्य सरकार की ऑफ बजट देनदारियां नीति निहितार्थ के कारण अंतर्निहित सब्सिडी और राजकोषीय बोझः

ऑफ बजट देयताएं सरकार की देनदारी है, क्योंकि मूलधन और उस पर ब्याज हमेशा राज्य ईकाई को सहायता या अनुदान के रूप में सरकारी बजट के माध्यम से चुकाया जाता है। राज्य सरकार द्वारा उनके बजट दस्तावेजों में ऑफ बजट देनदारियों का प्रकटीकरण नहीं किया गया।

हालांकि, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को दी गई जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने 2023–24 के लिये ₹ 374.26 करोड़ की ऑफ बजट देनदारियों की जानकारी प्रदान की है। राज्य सरकार द्वारा वित्त मंत्रालय को दी गई जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2024 तक संचयी ऑफ बजट देयता ₹ 3,261.34 करोड़ (2023–24 के लिये प्रारंभिक शेष ₹ 2,887.08 करोड़ + 374.26 करोड़) है।

वित्त मंत्रालय को दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने लागत की वसूली के लिये बिजली/विद्युत उपयोगिता को कोई अंतर्निहित सब्सिडी प्रदान नहीं की है। वर्ष 2023–24 के दौरान कोई प्रत्याभूति लागू नहीं की गई।

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार ने उदय (UDAY) के अन्तर्गत जारी बांड पर ₹ 736.00 करोड़ का मूलधन तथा ₹ 528.72 करोड़ का ब्याज अदा किया है। राज्य के राजकोषीय संकेतको की गणना करते समय उदय (UDAY) पर मूलधन तथा ब्याज के भुगतान को सम्मिलित नहीं किया गया है।

(xviii) सिंगल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को निधि अंतरणः

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र सं.1(13) पी.एफ.एम.एस./एफ.सी.डी./2020 दिनांक 23.03.2021 के द्वारा सिंगल नोडल एजेंसी के माध्यम से जारी निधि के उपयोग की निगरानी तथा केन्द्रीय प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) के अंतर्गत निधि के जारी होने की प्रक्रिया अधिसूचित की थी। राज्य सरकार द्वारा सरकारी व्यवसाय संचालित करने के लिए प्रत्येक सी.एस.एस. हेतु एस.एन.ए. को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में अपने बैंक खाते स्थापित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

वि.मं., भा.स. के पत्र दिनांक 16 फरवरी 2023 के अनुसार, राज्य सरकार केन्द्रांश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर केन्द्रांश के साथ राज्यांश भी एस.एन.ए. खाते में हस्तांतरित कर देगी। दिनांक 01.04.2023 से लागू होने के पश्चात केन्द्रांश के एस.एन.ए. खातों में हस्तांतरण में 30 दिन से अधिक विलंब की स्थिति में दिनों की संख्या पर 7 *प्रतिशत* प्रतिवर्ष ब्याज दर का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

पी.एफ.एम.एस. की एस.एन.ए. 01 प्रतिवेदन के अनुसार राज्य सरकार को वर्ष 2023–24 के दौरान केन्द्रांश के रूप में ₹ 15,423.14 करोड़ (वित्त लेखे अनुसार ₹ 25,855.29 करोड़) अपने राजकोषीय खाते में प्राप्त हुए। 31 मार्च 2024 को केन्द्रांश ₹ 18,026.39 करोड़ तथा राज्यांश ₹ 17,319.56 करोड़ सरकार ने एस.एन.ए. में हस्तांतरित किए।

एस.एन.ए. की प्रतिवेदन के अनुसार 31 मार्च 2024 की स्थिति में एस.एन.ए. के बैंक खातों में ₹ 9,194.05 करोड़ व्यय हेतु लंबित है। राज्य नोडल एजेंसियों को बिलों के प्रकार जिनके माध्यम से धन का हस्तांतरण होता है, का विवरण राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

4. आकस्मिकता निधिः

मध्यप्रदेश आकस्मिकता निधि अधिनियम 1957 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश राज्य की आकस्मिकता निधि से निधि की अभिरक्षा, उससे धनों के भुगतान और उसमें से धनों के आहरण से संबंधित या इन सब बातों में सहायक समस्त विषयों का नियमन करने हेतु मध्यप्रदेश आकस्मिकता निधि नियम, 1957 बनाये गये। मध्यप्रदेश राज्य की आकस्मिकता निधि का कोष ₹ 1,000 करोड़ है।

आकस्मिकता निधि का प्रारंभिक शेष ₹ 980.60 करोड़ था तथा वर्ष 2023–24 के दौरान आकस्मिकता निधि से ₹ 76.94 करोड़ की राशि अग्रिम के रूप में दी गई थी। वर्ष 2023–24 के दौरान आकस्मिकता निधि में ₹ 81.34 करोड़ की प्रतिपूर्ति की गई जिसमें पिछले वर्ष के ₹ 19.40 करोड़ शामिल है। वर्ष 2023–24 के अंत में मुख्य शीर्ष 2052– 'सचिवालय – सामान्य सेवाएं', के अन्तर्गत ₹ 15.00 करोड़ की प्रतिपूर्ति नहीं की गई। ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मुख्य शीर्ष	राशि
1.	2052–सचिवालय–सामान्य सेवाएं	15.00

31 मार्च 2024 तक आकस्मिकता निधि में ₹ 985.00 करोड़ का शेष है।

संदर्भित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण 1, 2 तथा 21 में उपलब्ध है।

5. लोक लेखा :

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.):

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है जिसके अंतर्गत 01 जनवरी 2005 को या उसके बाद भर्ती राज्य सरकार के कर्मचारी शामिल हैं। इस योजना के अनुसार, कर्मचारी को अपने मासिक वेतन का 10 *प्रतिशत* और राज्य सरकार को 14 *प्रतिशत* की दर से अंशदान करना होता है। सम्पूर्ण राशि को नेशनल सेक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित फंड मैनेजर को हस्तांतरित करना होता है।

वर्ष 2023–24 के दौरान परिभाषित अंशदान पेंशन योजना में कुल अंशदान ₹ 6,772.07 करोड़ (कर्मचारी अंशदान ₹ 2,886.39 करोड़ तथा सरकार का अंशदान ₹ 3,885.68 करोड़) था। सरकार के अंशदान संबंधी विस्तृत जानकारी वित्त लेखे के विवरण संख्या 15 में उपलब्ध है। सरकार ने लघु शीर्ष 500–प्राप्ति अंतरण हेतु, के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 0071 में ₹ 6,772.07 करोड़ (कर्मचारी अंशदान ₹ 2,886.39 करोड़ तथा सरकार का अंशदान ₹ 3,885.68 करोड़) का हस्तांतरण किया। वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 6,787.65 करोड़ एन.एस.डी.एल. को हस्तांतरित किए गये तथा बाह्य सेवा पर कार्यरत कर्मियों के अंशदान के लिये लोक लेखे में कोई राशि जमा नहीं की गई।

सरकारी एवं कर्मचारी अंशदान को लोक लेखे में हस्तांतरित करने की सही लेखांकन प्रक्रिया के विपरीत राज्य सरकार ने अंशदान को प्राप्ति मानते हुए उसे एन.एस.डी.एल. को हस्तांतरित कर दिया। हालांकि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 से स्वीकृत लेखांकन प्रक्रिया को अपनाया है जिसके अन्तर्गत कर्मचारी तथा नियोक्ता के अंशदान को सर्वप्रथम लोक लेखे एवं तत्पश्चात एन.एस.डी.एल. को हस्तांतरित किया जाता है।

(ii) (अ) ब्याज वाली आरक्षित निधियां

(क) राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.):

राज्य आपदा मोचन निधि के गठन तथा प्रचालन पर दिशा–निर्देशों के अनुपालन में (मुख्यशीर्ष '8121 सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियाँ' के अंतर्गत जो कि ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत है) केन्द्र तथा राज्य सरकार को 75:25 के अनुपात में निधि का अंशदान करने की आवश्यकता है। वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य सरकार को केन्द्र सरकार के अंशदान के रूप में ₹ 1,605.60 करोड़ प्राप्त हुए। राज्य सरकार का अंशदान वर्ष के दौरान ₹ 535.20 करोड़ है। राज्य सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 8121–122–राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.) के अंतर्गत ₹ 2,166.45 करोड़ (केन्द्रांश ₹ 1,605.60 करोड़ एवं एस.डी.आर.एफ. का राज्यांश ₹ 535.20 करोड़ तथा ब्याज ₹ 25.65 करोड़) अंतरित किए गए। राज्य सरकार ने ₹ 25.65 करोड़ ब्याज का हस्तांतरण किया, जिसमें से ₹ 12.38 करोड़ वर्ष 2022–23 की अवधि तथा ₹ 13.27 करोड़ वर्ष 2023–24 की अवधि से संबंधित है।

मुख्य शीर्ष 2245 में ₹ 767.89 करोड़ का अंतरण (सेट ऑफ) किया गया तथा निधि से व्यय की पूर्ति कर ली गई एवं राज्य आपदा मोचन निधि से कोई निवेश नहीं किया गया। निधि में 31 मार्च 2024 की स्थिति में ₹ 3,224.07 करोड़ अंतिम शेष के रूप में थे।

राज्य को एन.डी.आर.एफ. हेतु केन्द्र सरकार से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई।

(ख) राज्य आपदा शमन निधि (एस.डी.एम.एफ.):

राज्य आपदा शमन निधि (एस.डी.एम.एफ.) आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के धारा 48(i)(ग) के अंतर्गत गठित किया जाना है। यह निधि समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य विनिर्दिष्ट स्थानीय आपदा तथा राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (एस.डी.आर.एफ.)/राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (एन.डी.आर.एफ.) के दिशा निर्देशों के अंतर्गत आने वाले आपदा के संबंध में विशेषतः शमन योजना के प्रयोजन हेतु है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना सं. आर.सी./VII/एस–8/2021–22/345 दिनांक 29.06.2021 के जरिए मुख्यशीर्ष 8121 –130–राज्य आपदा शमन निधि के अंतर्गत एस.डी.एम.एफ. का सृजन किया गया है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों को इस निधि में 75 : 25 के अनुपात में योगदान करना आवश्यक है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य सरकार को केन्द्र सरकार से ₹ 391.80 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का अंश ₹ 130.60 करोड़ है। राज्य सरकार ने निधि में मुख्य शीर्ष 8121–130 एस.डी.एम.एफ. के अन्तर्गत ₹ 532.15 करोड़ (केन्द्रांश ₹ 391.80 करोड़, राज्यांश ₹ 130.60 करोड़ तथा ब्याज ₹ 9.75 करोड़) हस्तांतरित किया। राज्य सरकार ने ₹ 9.75 करोड़ ब्याज राशि हस्तांतरित की जिसमें वर्ष 2022–23 की अवधि में ₹ 6.38 करोड़ तथा वर्ष 2023–24 की अवधि में ₹ 3.37 करोड़ शामिल है।

मुख्य शीर्ष 2245 में ₹ 394.99 करोड़ का अंतरण (सेट ऑफ) किया गया तथा निधि से व्यय की पूर्ति कर ली गई एवं राज्य आपदा मोचन निधि से कोई निवेश नहीं किया गया। निधि में 31 मार्च 2024 की स्थिति में ₹ 535.21 करोड़ अंतिम शेष के रूप में थे।

(ग) राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण निधिः

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकारों को क्षतिपूर्ति वनरोपण आरंभ करने हेतु उपयोगकर्ता संस्थाओं से प्राप्त राशि उपक्रम क्षतिपूर्ति वनरोपण के लिए राज्य के लोक लेखे में ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत राज्य क्षतिपूर्ति

वनरोपण निधि स्थापित करना आवश्यक है। लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, उपयोगकर्ता एजेंसियों द्वारा जमा की जाने वाली क्षतिपूर्ति वनरोपण संबंधी प्राप्तियां सर्वप्रथम राज्य सरकार द्वारा प्राप्त की जाएगी।

इसके पश्चात, केन्द्रांश का 10 *प्रतिशत* राज्य क्षतिपूर्ति वनारोपण जमा में तथा 90 *प्रतिशत* राज्य कैम्पा (सी.ए.एम.पी.ए.) निधि में हस्तांतरित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने उपयोगर्ता एजेंसिया से शुल्क प्राप्ति हेतु विशिष्ट रूप से खाता नहीं खोला है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अनुसार वन भूमि के अपवर्तन के मामलों में उपयोगर्ता एजेंसियां परिवेश II पोर्टल में ऑनलाइन चालान के माध्यम से राशि जमा करती है जिसका लेखा राष्ट्रीय कैम्पा के अन्तर्गत संकलित किया जाता है।

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार को ₹ 3,342.29 करोड़ राष्ट्रीय क्षतिपूर्ति वनरोपण जमा से प्राप्त हुए जो उपयोगकर्ता एजेंसियों द्वारा दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2022 के मध्य किये गये जमा का 90 *प्रतिशत* है। मुख्य शीर्ष 8121–129 में ₹ 0.53 करोड़ की राशि सीधे चालान से जमा की गई। राज्य सरकार ने ₹ 263.79 करोड़ (2022–23 अवधि से संबंधित) निधि में हस्तांतरित किए। सरकार ने निधि से ₹ 937.52 करोड़ का व्यय किया एवं किसी भी राशि का निवेश नहीं किया। राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण निधि में 31 मार्च 2024 की स्थिति में ₹ 9,409.08 करोड़ अंतिम शेष है।

वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 के दौरान उपयोगकर्ता एजेंसियों ने राष्ट्रीय क्षतिपूर्ति वनरोपण जमा में क्रमशः ₹ 625.24 करोड़ तथा ₹ 336.76 करोड़ जमा किये गये, जिसमें से 90 *प्रतिशत* (₹ 865.80 करोड़) केन्द्र सरकार से अभी तक प्राप्त होना शेष है।

लेखे के अनुसार, मुख्य शीर्ष 8336–103–राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण जमा में ₹ 5.16 करोड़ जमा किये गये हैं।

(ब) बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियांः

(क) समेकित ऋण शोधन निधिः

मध्य प्रदेश सरकार ने ऋण के परिशोधन हेतु समेकित ऋण शोधन निधि गठित नहीं की है।

(ख) प्रत्याभूति विमोचन निधिः

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने अधिसूचना दिनांक 27.01.2006 के द्वारा वर्ष 2006 में प्रत्याभूति विमोचन निधि का गठन किया, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशासित की जानी है। योजनानुसार, राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष में प्रत्याभूति शुल्क के रूप में एकत्र हुई राशि के साथ उस प्रत्याभूति शुल्क के बराबर की राशि राज्य सरकार द्वारा एक समान अंशदान का अंतरण इस निधि में किया जाना अपेक्षित है। इसके अलावा, राज्य सरकार समय–समय पर कोई भी राशि इस निधि में अंतरित कर सकती है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, सरकार ने निधि में ₹ 73.16 करोड़ के विरुद्ध केवल ₹ 36.58 करोड़ का अंशदान किया, जिससे राजस्व व्यय में ₹ 36.58 करोड़ की न्यूनोक्ति हुई। 31 मार्च 2024 तक निधि का कुल संचय ₹ 1,087.74 करोड़ है (31 मार्च 2023 तक ₹ 1,051.16 करोड़)।

निधि में संव्यवहार वित्त लेखे के विवरण 21 एवं 22 में प्रदर्शित किया गया है।

(ग) केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.):

भारत सरकार के राजपत्रित अधिसूचना दिनांक 31.03.2018 द्वारा भूतपूर्व केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) का नाम परिवर्तित कर केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि रखा गया है। सी.आर. आई.एफ. राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास एवं संधारण, रेलवे योजनाओं, रेलवे में सुरक्षा के सुधार, राज्य एवं ग्रामीण सड़कों तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं आदि के लिए प्रयोग होगा।

वर्तमान लेखांकन प्रक्रिया के संदर्भ में, राज्य द्वारा केन्द्र से प्राप्त अनुदानों को प्रारंभ में मुख्य शीर्ष 1601 के अंतर्गत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है, तत्पश्चात प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा लोक लेखे के अंतर्गत मुख्यशीर्ष 8449–103–केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि को सहायता में, राजस्व व्यय शीर्ष से अंतरित किया जाना है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य सरकार को सी.आर.आई.एफ. हेतु ₹ 778.13 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ था। लोक लेखे में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि प्रचालित नहीं की गई है। हालांकि, वर्ष 2023–24 में अनुदान 24–लोक निर्माण कार्य, योजना कोड 0948–केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत ₹ 1,180.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया, जिसके विरुद्ध ₹ 1,177.16 करोड़ का व्यय मुख्य शीर्ष 5054 से किया गया। ₹ 778.13 करोड़ के अनुदान का व्यय प्रत्यक्ष रूप से लोक लेखे के मार्ग से नहीं किया गया।

(iii) उचंत एवं प्रेषण शेषः

वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 0.21 (जमा) और ₹ 162.25 करोड़ (नामे) को महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय द्वारा व्हाउचर/चालान/स्वीकृति पत्रों तथा पेंशन भुगतान दावों के निबटान इत्यादि दस्तावेजों के अभाव में उचंत मुख्य शीर्ष 8658 – लघु शीर्ष 110 – रिजर्व बैंक उचंत – केन्द्रीय लेखा कार्यालय में, इसी प्रकार निरंक राशि को लघु शीर्ष 102 (आपत्ति पुस्तिका उचंत) के अन्तर्गत रखा गया है।

वित्त लेखे, उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेषों को प्रदर्शित करते हैं। इन शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेषों को विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत बकाया नामे एवं जमा शेषों को पृथक–पृथक समेकित कर निकाला गया है, 31 मार्च 2024 तक मुख्यशीर्ष 8658 के अंतर्गत ₹ (–) 514.28 करोड़ (नामे), मुख्य शीर्ष 8782 के अंतर्गत ₹ 7,198.98 करोड़ (जमा) तथा मुख्य शीर्ष 8793 में ₹ 997.60 करोड़ (31 मार्च 2023 तक ₹ 6,251.29 करोड़ (जमा)) बकाया शेष था।

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेषों का निराकरण नहीं किये जाने से राज्य सरकार के लेखों (जिन शेषों को प्रतिवर्ष अग्रेषित किया जाता है) के विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत प्राप्ति/व्यय के आंकड़ों तथा शेषों की शुद्धता प्रभावित होती है।

(iv) चैक, बिल एवं डिजिटल भुगतानः

मुख्यशीर्ष 8670 चैक और बिल के अंतर्गत जमा शेष ऐसे चेकों की ओर इंगित करता है जो जारी किये गये परन्तु उनका नगदीकरण नहीं किया गया। 01 अप्रैल 2023 को प्रारंभिक शेष ₹ 1,757.81 करोड़ (जमा) था। वर्ष 2023–24 के दौरान, ₹ 2,04,314.96 करोड़ के चेक/डिजिटल भुगतान जारी किए गए, जिसके विरुद्ध वर्ष के दौरान ₹ 2,05,851.22 करोड़ का नकदीकरण किया गया, जिससे 31 मार्च 2024 तक ₹ 221.55 करोड़ (जमा) का अंत शेष रह गया। अंत शेष, विभिन्न कार्यात्मक मुख्य शीर्षों के अंतर्गत विभिन्न वित्तीय वर्षों में मूल रूप से दर्ज किए गए व्यय को दर्शाता है, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2024 तक मध्यप्रदेश सरकार का कोई नकद बहिर्गमन नहीं हुआ है। डिजिटल भुगतान के मामले में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लेने देन पूरा होने पर भुगतान आदेशों को व्यय के रूप में माना जाता है। यद्यपि, विफलता के मामले में जिसे 'ई–कुबेर विफल' लेन–देन भी कहते हैं, इस लेन देन को 8658 में उचंत के रूप में दर्ज किया जाता है। वर्ष 2023–24 में विफल लेन देन को उचंत शीर्ष 8658–102 के बजाए मुख्य शीर्ष 8443–00–101–राजस्व जमा के अन्तर्गत दर्ज किया गया है। ई–कुबेर विफल लेन देन, संबंधी जानकारी राज्य सरकार द्वारा प्रदाय नहीं की गई है।

(v) राज्य द्वारा लगाये गये अन्य उपकरः

मध्य प्रदेश उपकर अधिनियम, 1981 (अध्यादेश क्र.2 वर्ष 2001 द्वारा संशोधित) के नियम 3(2) के अनुसार, गत वर्ष में संग्रहित ऊर्जा विकास उपकर के बराबर की राशि, आगामी वर्ष में ऊर्जा विकास निधि में अंतरित की जानी चाहिये।

वर्ष 2022–23 के दौरान, ऊर्जा विकास उपकर के रूप में संग्रहित ₹ 710.29 करोड़ के सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष ऊर्जा विकास निधि में ₹ 780.78 करोड़ अंतरित किये गए। वर्ष 2023–24 के दौरान सरकार ने ऊर्जा विकास उपकर के रूप में ₹ 833.34 करोड़ संग्रहीत किये।

(vii) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एन.एम.ई.टी.) को प्रेषणः

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एन.एम.ई.टी.) की स्थापना अगस्त 2015 में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) एम.एम.डी.आर. अधिनियम की धारा 9 सी (1) के तहत की गई थी। अधिनियम की धारा 9 सी (4) के अनुसार, खनन पट्टा या खनिज रियायत धारक द्वितीय अनुसूची में वर्णित शर्तों एवं केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित रीति से रॉयल्टी भुगतान के दो *प्रतिशत* समतुल्य राशि का भुगतान ट्रस्ट को करेगा।

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (संशोधन) नियम 2018 के नियम 7(1) में कहा गया है कि खनन पट्टा या भावी लाइसेंस–सह–खनन पट्टा धारक राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान करते समय अधिनियम की धारा 9 सी की उपधारा (4) के तहत रॉयल्टी के दो *प्रतिशत* के बराबर राशि ट्रस्ट को इस उद्देश्य हेतु बुक किये गये शीर्ष के तहत राज्य के लोक लेखे में जमा करेगा। प्राप्ति पश्चात, राज्य सरकार उप नियम (1) के तहत राज्य के लोक लेखे में जमा राशि को भारत सरकार की संचित निधि में स्थानांतरित कर देगी।

लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, आवश्यक राशि खनिकों द्वारा सीधे राज्य के लोक लेखे में मुख्य शीर्ष 8449–123–एन.एम.ई.टी. के अन्तर्गत जमा की जानी है। तत्पश्चात, वृद्धि को समय–समय पर भारत के लोक लेखा के अन्तर्गत एन.एम.ई.टी. में स्थानांतरित कर दिया जाता है। एन.एम.ई.टी. निधि भारत के लोक लेखा के अन्तर्गत बनाई गई गैर–व्यपगत और गैर–ब्याज वाली निधि है।

राज्य सरकार द्वारा उपरोक्त लेखांकन प्रक्रिया अपनाई गई है। एन.एम.ई.टी. से संबंधित प्राप्तियां पट्टेदार द्वारा सीधे राज्य खाते में मुख्य शीर्ष 8449–123 के अंतर्गत जमा की जानी है, इसके बाद यह प्राप्तियां राज्य सरकार द्वारा खनन मंत्रालय, भारत सरकार को हस्तांतरित कर दी गई है। वर्ष 2023–24 के दौरान मुख्य शीर्ष 8449–123 के अन्तर्गत ₹ 79.17 करोड़ जमा किए गये। मुख्य शीर्ष 8449–123 में प्रारंभिक शेष ₹ 5.69 करोड़ था। वर्ष के दौरान, मुख्य शीर्ष 8449–123–के अन्तर्गत ₹ 0.12 करोड़ की अंतशेष राशि को छोड़कर, ₹ 84.74 करोड़ की राशि भारत सरकार को हस्तांतरित की गई।

(vi) प्रतिकूल शेषः

प्रतिकूल शेष वह स्थिति है, जब वित्तीय वर्ष के अंत में शेषों पर बंद होने वाला खाता शीर्ष ऋणात्मक शेष दर्शाता है, नामे/(–) जमा शेष देयता शीर्षों या उन शीर्षों को दर्शाता है जहां सामान्यतः क्रेडिट शेष होना चाहिये और जमा/(–) नामे शेष परिसंपत्ति शीर्षों या उन शीर्षों को दर्शाता है जहां यह सामान्यतः नामे शेष होना चाहिये। लेखाशीर्ष में प्रतिकूल शेष त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण, निधि की उपलब्धता की तुलना में अधिक संवितरण, प्राप्त अंशदान की तुलना में अधिक संवितरण, शेष राशि को एक लेखा ईकाई से दूसरी लेखा ईकाई की ओर नहीं ले जाना, प्रशासनिक पुनर्गठन के कारण राज्यों/अधिक लेखा ईकाईयों के निर्माण के कारण होता है। दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में निम्नलिखित शीर्षों में प्रतिकूल शेष का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष विवरण	ऋणात्मक शेष
4401–103	फसल कृषिकर्म पर पूंजीगत परिव्यय	7.82
4408–01–101	खाद्य, भंडारण एवं भंडागार पर पूंजीगत परिव्यय	1.08
4408–02–190	खाद्य, भंडारण एवं भंडागार पर पूंजीगत परिव्यय	0.18
4425–200	सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय	0.40
4700–63–001	मुख्य सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	0.09
4801–01–052	विद्युत परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय	213.23
4801–06–190	विद्युत परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय	145.93
5055–800	सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय	0.23
6003–103	राज्य सरकार का आंतरिक ऋण	0.87
6003–104	राज्य सरकार का आंतरिक ऋण	0.10
8342–117	सरकारी कर्मचारियों हेतु परिभाषित अंशदान पेंशन योजना	56.18
8342–120	विविध जमा	100.62
8443–106	व्यक्तिगत जमा	917.24
8443–109	वन जमा	3.45

(vii) रोकड़ शेषः

प्रधान महालेखाकार के अभिलेख के अनुसार 31 मार्च 2024 तक रोकड़ शेष ₹ 508.49 करोड़ (जमा) तथा आर.बी.आई. द्वारा सूचित किया गया ₹ 188.99 करोड़ (नामे) था। ₹ 319.50 करोड़ (जमा) का निवल अंतर मुख्यतः कोषालय/आर.बी.आई. तथा एजेंसी बैंकों एवं महालेखाकार के कार्यालयों के मध्य लंबित पुनर्मिलान के कारण था। अंतरों का पुनर्मिलान किया जा रहा है। 31 मार्च 2023 की स्थिति में विगत वर्ष ₹ 4,850.77 (जमा) थी।

जून 2024 तक ₹ 3.01 करोड़ (नामे) के अंतर की सात मदों तथा ₹ 4.95 करोड़ (जमा) के अंतर वाली सात मदों का पुनर्मिलान कर लिया गया। जिसके फलस्वरूप, जून 2024 को अंतर घटकर ₹ 317.56 करोड़ रह गया था।

6. त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण का प्रभावः

राज्य के वित्त पर सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन न करने /त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण का राजस्व व्यय पर प्रभाव, जैसा कि पूर्ववर्ती कण्डिकाओं में प्रदर्शित है, नीचे सारणीबद्ध किया गया है :

(₹ करोड़ में)

कण्डिका क्र.	मद (प्रदर्शित)	राजस्व व्यय में अति कथन	राजस्व व्यय में न्यूनोक्ति	पूंजीगत व्यय में अति कथन	पूंजीगत व्यय में न्यूनोक्ति	राजस्व प्राप्ति में अति कथन	राजस्व प्राप्ति में न्यूनोक्ति	अंत शेष में अति कथन	अंत शेष में न्यूनोक्ति
3(ii)	राजस्व एवं पूंजी के मध्य त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण		1,575.09		3.68				
3(viii)	ब्याज समायोजन		286.22						
5(ii)(B)(b)	प्रत्याभूति विमोचन निधि		36.58						
कुल (निवल) प्रभाव	आधिक्य (ओ.एस.) न्यूनोक्ति (यू./एस.)		**1,897.89**		**3.68**				

© भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/gwalior-i/hi